# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (11.03.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 11.03.2025, PAGE-04**

### कॉलेजों से मंगाई जायेगी इंटरनल की साफ्ट कॉपी

इंटरनल के अंक में कोई गड़बड़ी नहीं हो, इसके लिए परीक्षा विभाग अब कॉलेजों से प्रैक्टिकल और इंटरनल के अंक की साफ्ट कॉपी मंगायेगा। परीक्षा विभाग का कहना है कि कॉलेजों से जो सॉफ्ट कॉपी में अंक रहेंगे उसे ही फाइनल रिजल्ट में कॉपी कर पेस्ट किया जायेगा। अबतक कॉलेजों से इंटरनल के अंक आने के बाद उसे विवि में दोबारा से चढ़ाया जाता था, इससे कई बार नंबर गलत चढ़ जाते थे। साफ्ट कॉपी भेजने के बाद हार्ड कॉपी भी मंगाई जायेगी ताकि नंबरों का मिलान हो सके।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 11.03.2025, PAGE-04**

### अधूरे भवन होने की वजह से 22 कॉलेजों को नहीं मिली संबद्धता

**बीआरएबीयू**

**12 कॉलेजों को मिला एक सत्र का अस्थायी संबद्धन**

- एफिलियेशन कमेटी की बैठक में लगी मुहर

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में सोमवार को एफिलियेशन कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की। बैठक में 72 कॉलेजों के संबद्धन का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव रखने के दौरान पाया गया कि दो कॉलेजों के आवदेन रीपिट हैं, इसलिए उन्हें छांट दिया जाये। इसके अलावा आठ कॉलेजों ने निरीक्षण कराने से इनकार कर दिया। बैठक में कुल 62 कॉलेजों के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। एफिलियेशन कमेटी की बैठक में 22 कॉलेजों को संबद्धता नहीं दी गई। इनके आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया। इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि इन कॉलेजों के भवन पूरे नहीं हुए थे। बैठक में निरीक्षण कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में 12 कॉलेजों को साइंस आर्ट्स और कॉमर्स में अस्थायी संबद्धन देने पर मुहर लगी। इन कॉलेजों को एक सत्र में अस्थायी संबद्धन दिया गया है। इसके अलावा छह कॉलेजों को स्थायी संबद्धन दिया गया है। 17 कॉलेजों को कुछ विषयों में अस्थाई और कुछ में स्थायी संबद्धन दिया गया है। 15 कॉलेजों ने पीजी कोर्स खोलने के लिए आवेदन किया था। बैठक में तय किया गया कि एक टीम इन कॉलेजों का निरीक्षण करेगी और आधारभूत संरचना की जांच करेगी। रिपोर्ट के बाद इन कॉलेजों में पीजी कोर्स खोलने की अनुमति दी जायेगी। जिन कॉलेजों ने सरकार के पोर्टल पर स्नातक कोर्स के लिए आवेदन किया था, उन्हें संबद्धता दी गई है। इसके अलावा बैठक में बिहार विवि में पांच विभाग खोलने के प्रस्ताव को पास किया गया। इनमें लॉ, सोशियोलॉजी, संगीत, भोजपुरी और मैनेजमेंट शामिल हैं। यह विभाग अभी विश्वविद्यालय के किसी भवन में चलाये जाएंगे। इसके अलावा जल्द ही एजुकेशन विभाग खोलने पर भी विवि प्रशासन बैठक करेगा।



विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में सोमवार को एफिलियेशन कमेटी की बैठक में कुलपति प्रो. डीसी राय व कमेटी के अन्य सदस्य।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 11.03.2025, PAGE-04

# सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल चुनाव 27 को

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में सिंडिकेट व एकेडमिक काउंसिल चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की गई। विवि में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल का चुनाव 27 मार्च को सीनेट चुनाव के दौरान होगा और इसी दिन रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा। चुनाव के लिए 11 से 18 मार्च तक नामांकन रजिस्ट्रार कार्यालय में भरे जा सकेंगे।

चुनाव की पूरी जानकारी विवि की वेबसाइट पर डाल दी गई है। विवि में सिंडिकेट की आठ सीटों पर चुनाव होगा। इनमें चार शिक्षक सदस्य और चार शिक्षकेत्तर कर्मचारी रहेंगे। शिक्षक सदस्यों में दो प्रोफेसर व एसो. प्रोफेसर व दो सहायक प्राध्यापक की सीट है। सिंडिकेट चुनाव के वोटर लिस्ट भी जारी कर दी गई है।

एकेडमिक काउंसिल की छह सीटों पर चुनाव होगा। सिंडिकेट चुनाव में शिक्षकेत्तर वोटर के तौर पर 54 लोगों के नाम जारी किये गये हैं, इनमें कुलाधिपति सह राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के अलावा कई पूर्व कुलपति के नाम भी शामिल हैं।

शिक्षक श्रेणी से वोटर के रूप में 43 लोगों के नाम जारी किये गये हैं। अधिसूचना के मुताबिक नामांकन की स्क्रूटनी 23 मार्च को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 मार्च है।

HINDUSTAN,
MUZAFFARPUR
DATE: 11.03.2025
PAGE-04

# पीजी की दूसरी मेरिट लिस्ट में 1100 छात्रों ने लिया दाखिला

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में दूसरी मेरिट लिस्ट का पीजी में दाखिला सोमवार को खत्म हो गया। पीजी की दूसरी मेरिट लिस्ट में 1100 छात्रों के दाखिले का अपडेट शाम छह बजे तक हो चुका था। दूसरी लिस्ट में 3651 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट मिलाकर 7700 छात्रों का दाखिला हो चुका है। बिहार विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि तीसरी मेरिट लिस्ट भी जारी की जायेगी। तीसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला 17 से 20 मार्च तक होगा। कुलपति के अनुमति के बाद अधिसूचना जारी की जायेगी। तीसरी मेरिट लिस्ट के बाद एडिट का मौका दिया जायेगा ताकि छात्र अपने विषय बदल सकें। विवि में पीजी की 11 हजार सीटों पर दाखिला लिया जाना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE-11.03.2025, PAGE-02

# सीनेट में सिंडिकेट के आठ और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का होगा चुनाव

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 27 मार्च को होने वाली सीनेट की बैठक में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों का चुनाव होगा। सिंडिकेट के आठ सदस्यों का चुनाव होगा तो एकेडमिक काउंसिल के लिए कुल छह नए सदस्य चुने जाएंगे। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि सीनेट के शिक्षक सदस्यों और गैर शिक्षक सदस्यों की मतदाता सूची और सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन पत्र रजिस्ट्रार कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

मंगलवार से 18 मार्च तक कार्यालय अवधि के दौरान इसे प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही उम्मीदवार इसे विश्वविद्यालय के वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं। इसको लेकर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। चुनाव से संबंधित सभी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट का विजिट किया जा सकता है। सिंडिकेट के आठ सदस्यों में शिक्षकों के लिए चुनाव होगा। इसमें चार शिक्षकों और चार शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए चुनाव होगा।

वहीं एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों में सोशल साइंस से एक, मानविकी से एक, साइंस संकाय, होम्योपैथी- आयुर्वेद - यूनानी से एक, मैनेजमेंट से एक, कामर्स, ला और एजुकेशन से एक सदस्य चुने जाएंगे। सिंडिकेट सदस्यों के चुनाव के लिए 21 मार्च शाम चार बजे तक नामांकन किया जा सकेगा। वहीं इसके बाद नामांकन की स्क्रूटनी होगी। इसके लिए 23 मार्च तक का समय निर्धारित किया गया है। 26 मार्च तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। 27 मार्च को दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होगी। परिणाम भी 27 मार्च को ही जारी होगा। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सीनेट के नन टीचिंग सदस्यों की मतदाता सूची जारी की गई है। इसमें कुल 54 सदस्य हैं।

वहीं सीनेट के शिक्षक सदस्यों की मतदाता सूची में कुल 43 सदस्य हैं। उल्लेखनीय है कि बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष 12 वर्षों के बाद सीनेट के सदस्यों का चुनाव हुआ था। अब इसी आधार पर सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों का चुनाव होगा।

**27** मार्च को सीनेट की बैठक में 2.30 से 4.30 बजे तक होगा चुनाव

आज से रजिस्ट्रार कार्यालय में नामांकन सूची और मतदाता सूची हासिल कर सकेंगे उम्मीदवार अधिसूचना की गई जारी



### सिंडिकेट सदस्यों के लिए चुनाव प्रक्रिया

- नामांकन करने की आखिरी तिथि 21 मार्च, शाम चार बजे तक
- स्क्रूटनी की तिथि 23 मार्च, 11.30 बजे तक
- उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि 26 मार्च, दोपहर - एक बजे
- मतदान के लिए नियत तिथि और समय 27 मार्च, दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक
- परिणाम - 27 मार्च

### एकेडमिक काउंसिल के चुनाव के लिए कार्यक्रम

- नामांकन करने की आखिरी तिथि - 19 मार्च, शाम चार बजे तक
- आवेदनों की स्क्रूटनी - 20 मार्च, 11.30 बजे तक
- नामांकन वापसी की तिथि - 26 मार्च, एक बजे तक
- चुनाव का समय - 27 मार्च, 2.30 बजे से 4.30 बजे तक
- मतगणना - 27 मार्च, 4.30 बजे

